छत्तीसगढ़ शासन
वित्त विभाग
—:: मंत्रालय ::—
महानदी भवन, अटल नगर, जिला रायपुर
// आदेश //

अटल नगर, रायपुर, दिनांक 29 /09 /2018

क्र. 950 /F-2018-C 04470/ब—4/चार, राज्य शासन एतद् द्वारा विश्व बैंक सहायित छत्तीसगढ़ लोक वित्तीय प्रबंधन परियोजना के क्रियान्वयन एवं संबंधित विभागों के मध्य अंतर समन्वय संपादित करने की दृष्टि से अंतर्विभागीय उच्च स्तरीय परियोजना संचालन समिति **Project Steering Committee (PSC)** का गठन करता है :—

(i) वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव	— अध्यक्ष
(ii) सचिव, वाणिज्यिक कर विभाग	— सदस्य
(iii) सचिव, लोक निर्माण विभाग	— सदस्य
(iv) सचिव, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग	- सदस्य
(v) सचिव, जल संसाधन विभाग	सदस्य
(vi) सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग	— सदस्य
(vii) सचिव, वन विभाग	— सदस्य
(viii) सचिव, सूचना एवं प्रोद्यौगिकी विभाग	— सदस्य
(ix) CEO ChiPS	— सदस्य
(x) संचालक, संस्थागत वित्त	— सदस्य सचिव

2— समिति की बैठक कम से कम 6 माह में एक बार आयोजित की जायेगी।

3— संचालक, संस्थागत वित्त परियोजना समन्वयक (**Project Coordinator**) होंगे। परियोजना समन्वयक के सहयोग हेतु बाह्य सलाहाकारों (External Consultants) के साथ एक पूर्णकालिक टीम होगी।

4— संचालनालय, संस्थागत वित्त में परियोजना निगरानी इकाई (**Project Monitoring Unit** –PMU) की स्थापना की जाएगी। यह इकाई कार्यक्रम के दैनंदिन क्रियान्वयन तथा उसके समन्वय हेतु उत्तरदायी होगी।

5— वित्त विभाग के अधीन एक **राजकोषीय प्रकोष्ठ (Fiscal Cell)** स्थापित होगा। इसमें वित्त विभाग के अधिकारियों के अतिरिक्त पूर्वकालिक बाह्य सलाहाकार (External Consultants) होंगे। प्रकोष्ठ का कार्य राजकोषीय सुधार से संबंधित गतिविधियों में तकनीकी सहायोग प्रदान करना होगा।

6— कार्यक्रम के घटकों के क्रियान्वयन तथा उसके अपेक्षित परिणाम हेतु परियोजना से संबंधित सभी विभागों के विभागाध्यक्ष कार्यालयों में एक नोडल ऑफिसर नामांकित किया जावेगा।

7— परियोजना निगरानी इकाई (PMU) प्रत्येक वित्तीय वर्ष हेतु वार्षिक व्यय योजना (Annual Expenditure Plan), क्रियान्वयन से संबंधित विभागों के परा॰. से तैयार कर अनुमोदन हेतु परियोजना संचालन समिति (PSC) के समक्ष प्रस्तुत करेगी।

(डॉ कमल प्रीत सिंह)
सचिव

पृ.क्र. 951/F-2018-04-04470/ब–4/चार, अटल नगर, रायपुर, दिनांक 29.09.2018
प्रतिलिपि :–

1. अपर मुख्य सचिव, वित्त के स्टाफ आफिसर, मंत्रालय
2. सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग के निज सहायक, मंत्रालय
3. सचिव, वित्त के निज सहायक, मंत्रालय
4. सचिव, वाणिज्यिक कर/लोक निर्माण/लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी/जल संसाधन/ पंचायत एवं ग्रामीण विकास/वन/सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग, मंत्रालय
5. संचालक, संस्थागत वित्त, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, जिला रायपुर
6. मुख्य कार्यपालन अधिकारी चिप्स, कार्यालय चिप्स, रायपुर

(डॉ कमल प्रीत सिंह)
सचिव

P.O. (EAP)
06-10-2018

1701
11/X/18